Phone & Fax no. 0135-2658294 E-mail: cfshiwalik@yahoo.co.in

कार्यालय वन संरक्षक, शिवालिक वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादून।

पत्रांक- 2255 / 12-1 दिनांक, देहरादून, 23 मई, 2019

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
देहरादून वन प्रभाग,
देहरादून।

विषयः- **प्रस्ताव संख्या** FP/UK/MIN/38285/2019 **देहरादून वन प्रभाग की सौंग 1, 2, 3 एवं जाखन 1, 2 में उपखनिज चुगान की अवधि विस्तार हेतु उपखनिज प्रस्ताव के संबंध में।**

संदर्भः- **आपका पत्रांक 3602/12-1 दिनांक 20.05.2019**

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र का अवलोकन करें। संदर्भित द्वारा प्रेषित प्रस्ताव निम्न कमियों के निस्तारण हेतु मूल में संलग्न कर वापस लौटाया जा रहा है :-

1. प्रस्ताव में संलग्न सर्वे ऑफ इण्डिया टोपोशीट, जियो रेफरेन्स मैप अधिकृत संस्था से प्रमाणित नही हैं।
2. प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा फॉर्म-ए के भाग-1 के पैरा-डी में अपलोड औचित्य पत्र (Justification) आपके स्तर से प्रमाणित नही है।
3. प्रस्तावित परियोजना की राष्ट्रीय पार्क, वन्यजीव अभ्यारण्य एवं बायोस्फेयर रिजर्व से दूरी से संबंधित प्रमाण-पत्र दिया गया है जबकि यह प्रमाण-पत्र अधिकृत संस्था द्वारा तैयार मानचित्र के साथ अपलोड किया जाना है। परियोजना के कार्यक्षेत्र की दूरी 10 किमी0 से कम होने पर मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड के स्तर से अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत करने के संबंध में अपनी आख्या भी प्रस्ताव के साथ संलग्न करें।
4. प्रत्यावर्तन हेतु प्रस्तावित वन भूमि के संबंध में कार्ययोजना की संस्तुतियां अपलोड नही की गई हैं।

कृपया उक्त आपत्तियों का निराकरण कर पूर्ण प्रस्ताव इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक :- उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(पी0के0 पात्रो)
वन संरक्षक,
शिवालिक वृत्त, उत्तराखण्ड देहरादून।

E Drive/EC-Ist/EC 2019